# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 10 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 173 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## बिजली कंपनियों में 50 हजार पदों पर भर्ती होगी

### एमपी में 35 लाख किसानों का 84 करोड़ रुपए टैक्स, ब्याज और पेनल्टी माफ



**भोपाल** : मोहन यादव कैबिनेट ने पूर्व, मध्य और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों में 49 हजार 263 नए पदों को मंजूरी दी है। इस फैसले के बाद तीनों कंपनियों में नियमित पदों की संख्या 77,298 हो जाएगी। इससे कंपनियों के काम और पावर डिस्ट्रीब्यूशन में सुधार आएगा, तो संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या घटेगी। कैबिनेट ने 35 लाख किसानों की 84.17 करोड़ रुपए सिंचाई जलकर ब्याज एवं पेनल्टी माफ कर दी है। सरकार किसानों से उड़द और मूंग खरीदने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखेगी। केंद्र ने अभी कम मात्रा में खरीदी की मंजूरी दी थी, जिसे बढ़वाया जाएगा। भोपाल की होटल लेक व्यू रेसिडेंसी को लेकर फैसला कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम राजेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि सरकार ने राजधानी के होटल लेक व्यू रेसिडेंसी को डिजाइन करने और निर्माण के साथ उसके संचालन, हस्तांतरण के आधार पर पीपीपी मोड पर सौंपने को मंजूरी पहले ही दी थी। अब यह तय किया गया है कि लीज के पंजीयन और स्टांप ड्यूटी की प्रतिपूर्ति (रीइंबर्समेंट) विभागीय बजट से की जाएगी। निवेश संवर्धन (इन्वेस्टमेंट प्रमोशन) के लिए यह तय किया गया है कि जो भी डेवलपर आएगा उसे प्रतिपूर्ति की सुविधा दी जाएगी।

### प्रदेश के 35 लाख किसानों को सरकार से बड़ी राहत

प्रदेश के 35 लाख किसानों पर कृषि सिंचाई जलकर के ब्याज और पेनल्टी के 84.17 करोड़ रुपए बकाया हैं। जल संसाधन विभाग लगातार तकादा लगा रहा था। अब सरकार ने तय किया है कि किसानों से यह राशि नहीं ली जाएगी। कैबिनेट ने राशि माफ करने की मंजूरी दे दी है। यह योजना साल 2026 तक रहेगी और सभी किसानों को एक साल में मूलधन की राशि जमा करने का मौका मिलेगा। कैंपा फंड में मिले 1478 करोड़, नए कामों को मंजूरी वन विभाग की प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि (कैंपा फंड) की वार्षिक कार्ययोजना को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। कैबिनेट ने 1478.38 करोड़ रुपए सहित कैंपा फंड से किए जाने वाले कामों को मंजूरी दी है। एमपी की वन भूमि के डायवर्जन के बाद पहले यह राशि भारत सरकार को मिलती है और बाद में केंद्र सरकार राज्य को यह राशि देती है। इस राशि से पौधारोपण, बिगड़े वनों का सुधार, नदियों के पुनर्जीवन, वन सीमा से लगे गांवों में बांस आदि पौधों का रोपण, ग्रामीणों की क्षमता-विकास, नगर वनों को तैयार करने जैसे काम किए जा सकेंगे।

मूंग-उड़द की ज्यादा खरीदी के लिए केंद्र को पत्र लिखेंगेप्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की खरीदी के लिए सरकार की सिक्योरिटी, नुकसान की प्रतिपूर्ति और रबी सीजन 2024-25 में टारगेट से ज्यादा खरीदी गई ग्रीष्मकालीन मूंग की स्वीकृति पर कैबिनेट में चर्चा के बाद फैसला किया गया।इस दौरान 20 लाख टन मूंग खरीदी की संभावना है। भारत सरकार से 3.51 लाख मीट्रिक टन खरीदी की मंजूरी मिली है। कैबिनेट ने तय किया है कि भारत सरकार को पत्र लिखा जाए कि 8.57 लाख मीट्रिक टन खरीदी की मंजूरी केंद्र की ओर से दी जाए। मूल्य सूचकांक स्टांप अधिनियम संशोधन विधेयक मंजूर कैबिनेट में भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 के अनुच्छेद 1 (क) के अंतर्गत अधिनियम के अनुच्छेदों में संशोधन के लिए भारतीय स्टांप (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक 2025 को कैबिनेट मंजूरी दी गई है। मूल्य सूचकांक के इस संशोधन विधेयक से राज्य सरकार को 212 करोड़ का राजस्व मिलेगा। संशोधन को कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

आदिवासी क्षेत्रों में 66 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की मंजूरी महिला और बाल विकास विभाग में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदिवासी क्षेत्रों में 66 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की स्वीकृति देने और पदों की मंजूरी के साथ आंगनबाड़ी भवन बनाने को भी कैबिनेट में मंजूरी दी गई है। 66 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 66 सहायिका और दो सुपरवाइजर के पदों को भी स्वीकृति दी गई। साल 2025-26 से साल 2028-29 के बीच इस योजना पर 19.91 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

विधायक विजन डॉक्यूमेंट के लिए अनुपूरक बजट में प्रावधान विधायक विजन डॉक्यूमेंट 2023 से 2028 के लिए तैयार करेंगे। इसके लिए प्रभारी मंत्री जिलों में जाकर विधायकों के साथ चर्चा करके विजन डॉक्यूमेंट तैयार कराएंगे। आने वाले अनुपूरक बजट में विकास कार्यों के लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा। इस पर 2028 तक काम पूरा करना है।

13 से 19 जुलाई तक विदेश दौरे पर रहेंगे CM मोहन यादव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन का दौरा करेंगे। इस दौरान व्यवसायिक बैठकें, निवेश प्राप्त करना, अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाने का काम होगा। साथ ही प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, वैश्विक निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। एमपी की ब्रांडिंग भी मुख्यमंत्री करेंगे।

### फरार तस्कर नारकोटिक्स इन्दौर विंग की गिरफ्त में

## राजस्थान से md लाकर इंदौर और आस पास सप्लाय करता था

### 2023 से था फरार नगद इनाम भी घोषित था




एम पी तस्करी एवम माफियाओं के विरुद्ध जारी अभियान के अंतर्गत धरपकड़ करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री केपी राव द्वारा विशेष अभियान आरम्भ किया गया था जिसमे नारकोटिक्स विंग के सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ तस्करो की धरपकड़ हेतु समुचित दिशा निर्देश दिए गए थे जो श्रीमान उप पुलिस महानिरीक्षक श्री महेश चंद्र जैन के निर्देशन में नारकोटिक्स विंग इंदौर के निरीक्षक हरीश सोलंकी की टीम को मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचना मिली थी की अपराध क्रमांक 36/23 धारा 08/21,29 एनडीपीएस एक्ट मे स्मैक देने वाला फरार इनामी सोहेल उर्फ़ भूरा उर्फ़ नाजिम पिता अफजल खान निवासी ग्राम दुधालिया थाना डग राजस्थान का अपने गांव के आस पास देखा गया है जिसे डग पुलिस की सहायता से ग्राम दुधालिया से गिरफ्तार कर लिया एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु कोर्ट पेश किया.।




# इंदौर के गोपाल मंदिर शॉपिंग काम्प्लेक्स में विवादः स्मार्ट सिटी कंपनी पर आरोप



**उत्सव सोनी**

इंदौर के गोपाल मंदिर शॉपिंग काम्प्लेक्स में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा बनाए गए इस शॉपिंग काम्प्लेक्स के निर्माण में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। आरोप है कि कंपनी ने नगर निगम से नक्शा पास कराए बिना ही इस इमारत का निर्माण किया है।

घटिया निर्माण और पार्किंग की समस्या- शॉपिंग काम्प्लेक्स के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जिससे व्यापारी अपनी दुकानों में जाने से कतरा रहे हैं। इसके अलावा, पार्किंग की भी बड़ी समस्या है। व्यापारी लाखों रुपये देकर दुकानें खरीदने के बावजूद अपनी दुकानों का कब्जा लेने को तैयार नहीं हैं।

नियमों का उल्लंघन- स्मार्ट सिटी कंपनी पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। कंपनी ने नक्शा पास कराए बिना ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। इस बारे में जब इंदौर के एक उच्च अधिकारी से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी कंपनी के कार्यालय का भी नक्शा मंजूर नहीं है।

**जांच की मांग-**

इस मामले में संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है, लेकिन अभी तक लिखित आदेश जारी नहीं हुए हैं। जांच से पहले ही स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा लीपापोती का काम शुरू कर दिया गया है।

स्मार्ट सिटी कंपनी का दावा- स्मार्ट सिटी कंपनी के इंजीनियर सौरभ माहेश्वरी का दावा है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किसी भी तरह के भवन के निर्माण के लिए नक्शा मंजूर करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उनका कहना है कि गोपाल मंदिर का यह कार्य नवनिर्माण की श्रेणी में नहीं आकर पुराने निर्माण की मरम्मत और सौंदर्यीकरण की श्रेणी में आता है।

अब आगे क्या?- इस मामले में अब देखना होगा कि जांच के बाद क्या कार्रवाई होती है। क्या स्मार्ट सिटी कंपनी को अपने निर्माण को सुधारने के लिए कहा जाएगा या फिर कोई और कार्रवाई होगी? फिलहाल, व्यापारी और स्थानीय लोग इस मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं।

# 11 को मुख्यमंत्री के हाथों पौधारोपण अभियान की शुरुआत की तैयारी

इंदौर : नगर निगम द्वारा न्यू क्लॉथ मार्केट की जमीन पर 30 हजार पौधे लगाने की तैयारी की जा रही है। इस अभियान का शुभारंभ 11 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हाथों कराया जाएगा। मानसून के साथ ही निगम का पौधारोपण अभियान शुरू होने की तरफ बढ़ गया है। न्यू क्लॉथ मार्केट में नगर निगम को पौधारोपण करने के लिए चार एकड़ जमीन मिली है। इस जमीन पर 30 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

यह पौधे लगाने के अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 11 जुलाई को किया जाएगा। इस दिन मुख्यमंत्री इंदौर में ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। इस कॉन्क्लेव में भाग लेने के बाद नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री का यह एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के बारे में निगम के अधिकारियों को कल ही जानकारी दी गई है। उसके साथ ही इस कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो गई है। आज दोपहर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव निगम अधिकारियों के साथ इस जमीन पर जाकर वहां की जा रही तैयारी का जायजा लेंगे।

**एक करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया**

नगर निगम द्वारा इस जमीन को ग्रीन स्पेस के रूप में विकसित करने के लिए एक करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट बनाकर तैयार किया गया है। इस प्रोजेक्ट पर 11 जुलाई से ही काम शुरू हो जाएगा। निगम का लक्ष्य है कि इस स्थान को इतनी बेहतर तरीके से विकसित किया जाए कि यह हरियाली के लिए एक मिसाल बन जाए।




## रेवती रेंज पर बनेगा सेल्फी प्वाइंट

नगर निगम द्वारा पिछले वर्ष पौधारोपण के लिए मुख्य केंद्र के रूप में रेवती रेंज की पहाड़ी को चुना गया था। इस पहाड़ी पर निगम ने 12 लाख से ज्यादा पौधे लगाए थे। अब इस वर्ष भी 13 जुलाई को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पौधारोपण करने के लिए आ रहे हैं। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा यह फैसला लिया गया है कि रेवती रेंज पर पौधों की हरियाली के बीच में एक सेल्फी प्वाइंट बनाया जाए।

## 1 हजार पौधे रोपेगा यातायात विभाग

इंदौर यातायात विभाग पर्यावरण सुधार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आज 1 हजार पौधे रोपेगा। स्कीम नंबर 140 में पीटीसी की खाली जमीन पर फलदार और छायादार मोटे तने वाले पौधे आज अधिकारियों की उपस्थिति में लगाए जाएंगे। विभाग इसकी देखभाल की जिम्मा भी उठाएगा। अधिकारियों और यातायात टीम के अलावा और यहां पौधे रोपने के लिए यातायात प्रबंधन मित्र भी पहुंचेंगे।

# झाबुआ-रतलाम रोड पर गाड़ियों पर हमला करने वालों में से एक की पहचान हुई, तलाश जारी

**राजेश सोनी**

**झाबुआ : रविवार देर रात झाबुआ-रतलाम रोड पर माही नदी से करवड़ के बीच गाड़ियों पर हमला कर शीशे फोड़ने वाले एक आरोपी की पहचान हो गई है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। अन्य पांच की पहचान का प्रयास भी किया जा रहा है।**

फरियादी ने रिपोर्ट लिखवाई है, उसमें बताया इन लोगों ने शराब के नशे में गाड़ी रुकवाई व शराब के लिए रुपए मांगे। नहीं देने पर लट्ठ से कार पर हमला कर दिया। मामले में भूरालाल मोरी निवासी खाखरापाड़ा की आरोपी में तौर पर पहचान की है। पुलिस के अनुसार गांव मोर में जिवली घाटी पर हमला हुआ। दो बाइक पर आए बदमाशों ने धमकाया, फिर शराब के लिए रुपए मांगे। ड्राइवर व सवारों के साथ मारपीट भी की थी। सांवरिया सेठ के दर्शन कर आ रहे मोहनकोट निवासी वैभव सोलंकी, जयस जिला प्रभारी प्रकाश डामोर, अनिकेत सोलंकी रायपुरिया, पेटलावद के मूलचंद गेहलोत, हेमेंद्र भानपुरिया की कार पर हमला किया गया। पेटलावद निवासी रोहन पिता नितिन जोशी व खवासा निवासी प्रद्युम्न वैरागी की कार पर हमला कर शीशे तोड़े गए। भाबरापाड़ा के संतोष होटल पर गश्त के दौरान रानीसिंग तरफ से बदमाशों को दो बाइक से आते देखा गया, जिनके हाथों में लट्ठ थे। टीम ने पीछा किया तो बदमाश एक बाइक लेकर गोटियापाड़ा रोड की ओर फरार हो गए। दूसरी बाइक पंक्चर होने से बदमाश छोड़कर गए थे। कुछ ही दूर एक बैग भी मिला था।

## उफनते नाले में बाइक समेत बह गया युवक, तैरकर बचाई जान

**सुनील नगेले**

शिवपुरी। शिवपुरी के पोहरी अनुविभाग के गूगरीपुरा गांव मंगलवार शाम को तीन युवक बाइक लेकर उफनते नाले को पार करने की कोशिश कर रहे थे। तेज बहाव के कारण एक युवक बाइक समेत बह गया। युवक को तैरना आता था, जिससे उसकी जान बच गई। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिले में इस साल बारिश का आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 1.6 गुना ज्यादा है। 1 जून से 8 जुलाई तक 17.5 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। पिछले साल इसी अवधि में 11 इंच



बारिश हुई थी। भू-अभिलेख अधीक्षक के अनुसार, जिले की सामान्य औसत बारिश 32 इंच है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बाल कल्याण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित



झाबुआ : राजेश सोनी

**कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टास्क फोर्स, वन स्टॉप सेंटर और जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यों की योजना बनाई गई।**

## स्पॉन्सरशिप और मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी

बैठक में स्पॉन्सरशिप योजना और मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के बारे में जानकारी दी गई। इन योजनाओं के तहत पात्र बालक-बालिकाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। स्पॉन्सरशिप योजना में 6 वर्ष से 18 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को 4000 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं, जिनके माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु हो गई हो या गंभीर बीमारी से पीड़ित हों। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में 18 वर्ष तक की आयु के बालक-बालिकाओं को 4000 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं, जिनके माता और पिता दोनों की मृत्यु हो गई हो।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा

बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा की गई और आगामी कार्यों की योजना बनाई गई। इस वर्ष नवाचार के तहत 20 स्कूल ड्रॉपआउट बालिकाओं को आईटीआई कॉलेज में विशेष बैच में शामिल कर सिलाई ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक पंचायत पर गुड़िया बोर्ड लगाए जाएंगे, जिसमें शिशु लिंगानुपात और बालिका का शिक्षा स्तर प्रदर्शित होगा।

## आत्मरक्षण क्लासेस और स्वास्थ्य शिविर

कलेक्टर नेहा मीना ने आत्मरक्षण क्लासेस और स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के लिए आत्मरक्षण क्लासेस और पुलिस भर्ती के लिए निःशुल्क क्लासेस आयोजित किए जाएंगे। साथ ही बालिका छात्रावास में स्वास्थ्य शिविर और मासिक धर्म प्रबंधन विषय पर सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## विद्यालयों में आयरन टेबलेट वितरण

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में बालिकाओं को शत प्रतिशत आयरन टेबलेट वितरित किए जाएं। इससे बालिकाओं के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

## अचीवर महिलाओं के बोर्ड

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के विद्यालयों की पूर्व छात्रा रही अचीवर महिलाओं के बोर्ड लगाए जाएंगे। इससे बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बाल कल्याण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यों की योजना बनाई गई। कलेक्टर नेहा मीना ने आत्मरक्षण क्लासेस, स्वास्थ्य शिविर और आयरन टेबलेट वितरण के निर्देश दिए। साथ ही अचीवर महिलाओं के बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए।

# इंदौर 'पत्रकार' खुदकुशी मामले में नया खुलासा

### पहले स्टेटस पर लिखा 'बाय-बाय', मोबाइल में लखनऊ की महिला की चैट और तस्वीरें मिलीं



**इंदौर :** इंदौर के गांधी नगर क्षेत्र स्थित समर्थ सिटी में रहने वाले एक इलेक्ट्रॉनिक चैनल के पत्रकार विकास सोलंकी (35) ने सोमवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई थी, लेकिन मंगलवार देर रात पुलिस की जांच में एक नया एंगल सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, विकास का संपर्क लखनऊ की एक महिला से था, जो उन्हें लगातार ब्लैकमेल कर रही थी। महिला की फोटो, चैटिंग और कॉल रिकॉर्डिंग पुलिस को मोबाइल से मिली हैं। इसी आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का एंगल सामने आ रहा है।

घटना के वक्त विकास का मोबाइल उनके हाथ में ही था, जो फंदा काटते समय नीचे गिर गया। वॉट्सऐप स्टोरी पर उन्होंने आखिरी शब्द 'बाय-बाय' लिखे थे। विकास के भाई सचिन से पुलिस ने महिला से जुड़ी जानकारी को लेकर आवेदन भी मांगा है। कुंभ कवरेज के दौरान हुई थी महिला से पहचान पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, विकास की लखनऊ निवासी महिला से पहचान प्रयागराज कुंभ कवरेज के दौरान हुई थी। महिला एक बैंक में काम करती है और पति से अलग रहती है। बताया जा रहा है कि 8 दिन पहले विकास लखनऊ भी गए थे, जिसकी जानकारी उनके दोस्तों को थी।

फोन की कॉल डिटेल और मैसेज के आधार पर पुलिस यह जांच रही है कि महिला द्वारा किसी प्रकार की धमकी या मानसिक दबाव तो नहीं बनाया गया। आत्महत्या के लिए उकसाने की आशंका को लेकर मामला मजबूत माना जा रहा है।

2021 में पत्नी से विवाद, बाद में समझौता हुआ था

विकास का अपनी पत्नी से 2021 में विवाद हुआ था, जिस पर राजेंद्र नगर थाने में शिकायत भी दर्ज हुई थी। बाद में मामला कोर्ट में पहुंचा और दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। सोमवार की घटना के बाद जब विकास का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तब उनकी पत्नी मायके से ससुराल आई। परिवार के कुछ सदस्यों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन समझाइश के बाद उन्हें अंतिम संस्कार में शामिल होने दिया गया। गांधी नगर पुलिस ने विकास सोलंकी के मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। लखनऊ की महिला से जुड़ी जानकारी और चेटिंग को गंभीरता से लिया जा रहा है। जल्द ही महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया जा सकता है।

# अरावली परिसर में शिव मंदिर की नींव तोड़ी, शिलालेख क्षतिग्रस्त आस्था का अपमान

राजेश धाकड़

**अरावली परिसर में शिव मंदिर की नींव तोड़ी, शिलालेख फेंका - धार्मिक भावनाएं आहत, रहवासियों में आक्रोश**

इंदौर। अरावली परिसर में प्रस्तावित शिव मंदिर के निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। रविवार को स्थानीय रहवासियों द्वारा विधिपूर्वक पूजा-पाठ और भूमि पूजन कर मंदिर की नींव रखी गई थी, लेकिन कुछ ही घंटों में परिसर के ही कुछ सदस्यों ने इस धार्मिक स्थल की नींव को तोड़ दिया। साथ ही, वहां स्थापित शिलालेख को क्षतिग्रस्त कर गार्डन से बाहर फेंक दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूजा स्थल पर रखी धार्मिक सामग्री को भी अस्त-व्यस्त कर दिया गया। इस घटना से हिन्दू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

यह केवल आस्था पर आघात नहीं, सामुदायिक सौहार्द पर हमला है – स्थानीय रहवासी

घटना के बाद आक्रोशित रहवासियों ने पुलिस थाने पहुंचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि यह कृत्य जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने और समाज में विघटन फैलाने की नियत से किया गया है।

## प्रशासनिक सक्रियता

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक के प्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे और रहवासियों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। उन्होंने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए प्रशासन को मामले की गंभीरता से अवगत कराया।

## पुलिस जांच जारी

वर्तमान में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों की पहचान कर जल्द ही उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गुरु पूर्णिमा विशेष

# श्री माताजी निर्मला देवी आत्मबोध की ज्योत

गुरु पूर्णिमा भारत की आध्यात्मिक परंपरा का एक प्रमुख पर्व है, जब शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। इस पावन अवसर पर हम श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं श्री माताजी निर्मला देवी को, जिन्होंने सहज योग के माध्यम से आत्मबोध और आंतरिक शांति का मार्ग संसार को दिखाया। श्री माताजी ने यह स्पष्ट किया कि सच्चा गुरु वही होता है जो अपने शिष्यों को स्वतंत्रता प्रदान करे, उन्हें आत्मा का साक्षात्कार कराए, और उन्हें अपने भीतर स्थित चैतन्य शक्ति से जोड़ दे। उन्होंने कहा था:

"आपमें शक्ति है, बस जागरूकता की आवश्यकता है। गुरु का कार्य है आपको उस शक्ति का अनुभव कराना।"



सहज योग की स्थापना कर श्री माताजी ने करोड़ों लोगों को ध्यान, आत्म-साक्षात्कार और आत्म-शुद्धि का सरल मार्ग दिया। उन्होंने कभी भी अंधश्रद्धा या अनुकरण की अपेक्षा नहीं की, बल्कि हर व्यक्ति को आत्म-गुरु बनने की प्रेरणा दी।

### गुरु पूर्णिमा का वास्तविक अर्थ श्री माताजी के शब्दों में:

गुरु न केवल शिक्षा देता है, वह चेतना को जागृत करता है। सच्चा गुरु आपको अपने भीतर झांकने और अपनी आत्मा को पहचानने की क्षमता देता है। जो दूसरों की आत्मा में प्रकाश जलाए, वही सच्चा गुरु है। गुरु पूर्णिमा पर श्री माताजी के चरणों में यह संकल्प लें कि हम केवल उपदेश नहीं, आत्मिक अनुभव की ओर अग्रसर होंगे। हम दूसरों के भीतर ईश्वर की उपस्थिति को पहचानेंगे और प्रेम, करुणा, और शांति के मार्ग पर चलेंगे।

**माताजी निर्मला देवी को शत् शत् नमन।**
**गुरु पूर्णिमा की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।**
**ॐ त्वमेव मार्ग दर्शकः।**

# प्रत्येक सहजयोगी साधक गुरु कृपा से आत्मसाक्षात्कार व गुरु पद का अधिकारी होता है

सहज योग प्रणेता परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी कहती हैं कि, "मनुष्य की उत्क्रांति का आरंभ नाभि से होता है जो भवसागर से घिरा हुआ है।" भवसागर में दस गुरुओं का स्थान है। सच्चे गुरु ही भक्त का ईश्वर से मिलन का योग घटित करते हैं। ईश्वर से योग घटित होने के लिए साधक को भवसागर तरना यानि पार करना पड़ता है। सद्गुरु ही वह प्रकाश है जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश दे भक्त को ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश कराता है। हमारे शरीर में भवसागर का एक संसार है जिसमें जन्म मृत्यु का चक्र चलता रहता है। यह एक ऐसा महासागर है जिसमें धर्म के साथ मोह, माया, अहंकार रुपी अज्ञान का जाल भी फैला हुआ है। सहज योग में कुंडलिनी जागरण के बाद जब कुंडलिनी शक्ति उपर की ओर उठती है, तब सभी चक्रों को निरंजित करती जाती है। इसी क्रम में बड़ी सहजता से साधक को भवसागर से पार करा देती है। भवसागर में दस धर्म और दस गुरु हैं, वे दस गुरु हैं - राजा जनक, अब्राहम, मौजिज, जोराष्ट्र, लाओत्से, कन्फ्यूशियस, सुकरात, मोहम्मद साहब, गुरूनानक व शिर्डी के साईनाथ। हम भवसागर को पार कर ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश कर व परमात्मा से एकाकारिता प्राप्त कर पूर्णतया प्रकाशित हो जाते हैं। हमारे सहस्त्रार से ही ईश्वर का साम्राज्य शुरु होता है। मानव शरीर में गुरु का स्थान भवसागर के चारों ओर है लेकिन इसी भवसागर के मध्य में गुरु का स्थान रिक्त था। संभवतः प्राचीन काल में कोई गुरु ही इस रिक्तता को दूर कर सकता था। परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी की कृपा से सहज योग के साधक इस रिक्तता को दूर कर पाते हैं क्योंकि कुंडलिनी के भवसागर को पार करने का मार्ग हमारे मध्य नाड़ी सुषुम्ना से होकर जाता है, फलस्वरूप सहज योगी साधक स्वयं अपना गुरु बन जाता है। केवल सहज योगी साधक ही इस गुरु पद को प्राप्त करता है। यहाँ कोई सहजी साधक अन्य किसी का गुरु बनने का प्रयास नहीं करता है, बस सभी अपने स्वयं के गुरु बनें इसके लिए प्रयासरत रहते हैं। परमपूज्य श्री माताजी को सहजी साधक गुरु नहीं श्री माताजी कहते हैं क्योंकि वे आदिशक्ति हैं और असंख्य गुरुओं की जननी भी है। भवसागर तरने का मार्ग सुषुम्ना नाड़ी है और आत्मसाक्षात्कार व संतुलन पाने के बाद जब साधक चैतन्य लहरियों का आनंद लेना शुरू कर देता है तब दूसरों को भी संतुलित करना उसकी जिम्मेदारी हो जाती है। जलवायु, प्रकृति, वातावरण, समाज और मनुष्यों को संतुलित करने की जिम्मेदारी प्रत्येक साधक की होती है। यह संतुलित होने व करने का भाव ही गुरुत्व है। साधक में संतुलन आना जरुरी है ताकि वह सहज योग का एक सशक्त माध्यम बन सके। श्री माताजी कहती हैं,"स्वभाव से गुरु (सहजयोग साधक) तपस्वी नहीं होता है। परंतु निर्लिप्तता के कारण वह तपस्वी सम होता है।" सहजयोग में राजा हो या भिखारी सभी गुरु स्थान पाते हैं और पूर्ण संतुलन में रहते हैं। सहज योगी साधक ध्यान के माध्यम से प्रलोभन, लालच और वासना से परे अवस्था तक पहुँच जाता है। कोई भी चीज उसे पतन की ओर नहीं ले जा सकती। वे चाहे तुलसी की माला पहने या हीरे मोती की सब उनके लिए एक है। सभी सहजी साधक स्वयं के गुरु हैं पर वे अपनी इस महत्ता को समझ नहीं पाते हैं। कारण गुरु एक उच्च पद है और वे उस पद तक पहुँच गये हैं यह विश्वास करना आसान नहीं होता। मानने में समय लगता है पर धीरे धीरे सहजी को अपने गुरु पद का आभास होने लगता है। अपनी शक्तियों को वे जानने लगते हैं। चैतन्य लहरियों से ही उन्हें यह आभास मिलता है कि वे गुरु पद पा चुके हैं व अपने प्रकाश से अन्यों को प्रकाशित करने को तैयार हैं। स्वयं का गुरु बनने व आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।



# गुजरात में मौत के बाद शव गांव लाकर दूसरे के घर के सामने रखा, सात लोगों पर एफआईआर

## परंपरा के नाम पर अपराध: जिले में इस तरह की घटनाओं पर लगाम कसने की कोशिश, पहले भी दर्ज हुए मामले

**राजेश सोनी**

झाबुआ : मेघनगर पुलिस ने रामपुरा गांव के महुड़ा फलिया में शव घर के सामने रखकर रुपए मांगने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव की महिला पति के साथ गुजरात काम पर गई थी। वहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिवार वाले शव को गांव लाए और अंतिम संस्कार करने की बजाय गांव के ही दूसरे व्यक्ति के घर के सामने रखकर चले गए। आरोप लगाया कि महिला की मौत का जिम्मेदार गांव का दूसरा व्यक्ति है। इसके बदले रुपए मांगे और मारपीट व हमले की धमकी दी गई। पुलिस ने पहुँच कर मामला खत्म कराया और शव परिजन ले गए। बाद में अंतिम संस्कार हुआ। अब जिसके घर के सामने शव रखा गया था, उसकी सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

एसपी पद्म विलोचन शुक्ल ने बताया, लाश का अपमान करने वालों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एसडीओपी थांदला नीरज नामदेव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मेघनगर केएल बरकड़े ने कार्रवाई की। फरियादी ने बताया, खुमसिंह भूरिया मेरे गांव का ही निवासी है। हमारा आपस में कोई लड़ाई झगड़ा भी नहीं है। खुमसिंह उसकी पत्नी ललिता बाई के साथ गुजरात मजदूरी करने गए हुए थे। खुमसिंह की पत्नी की तबीयत खराब होने से उसे भुज के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान ललिता बाई की मौत हो गई। शव को रामपुरा के महुड़ा फलिया लाया गया, जहां आरोपियों ने लाश को उठाकर फरियादी के घर रख दिया और रुपए देने की मांग करने लगे। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 301, 324(4), 351 (3), 119 (1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

### खवासा में दो लोग धर्मांतरण के प्रयास के के आरोप में गिरफ्तार.

थांदला थाना क्षेत्र की खवासा चौकी में आने वाले पाटड़ी गांव में जबरन धर्मांतरण के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। दो दिन पहले हिंदू संगठनों ने पुलिस से शिकायत की थी। आरोप लगाया कि दो लोगों ने एक व्यक्ति को धर्मांतरण करने पर हर महीने 10 हजार रुपए देने का लालच दिया। अभी 5 हजार लेने और बाद में नियमित रूप से पूरी राशि देने की बात कही। पुलिस ने दिलीप पिता बहादुर मेड़ा निवासी पाटड़ी की शिकायत पर गांव के रावजी डामर और कानजी डामर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर एडमिरल तोमर ने इसकी पुष्टि की है। हिंदू संगठनों ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया था कि आरोपियों ने पूरे गांव का धर्म परिवर्तन कराने की बात कही है।

# अनदेखी • दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और भोपाल को जोड़ने वाले मार्ग पर चौपाटी है, करीब 9 हजार वाहन गुजरते हैं

## बड़ी चौपाटी पर सुविधाघर व यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से आमजन और यात्रियों की फजीहत



बदनावर- चार जिलों की सीमाओं को जोड़ने वाली बदनावर चौपाटी पर सुविधाघर और यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां रोजाना 160 से ज्यादा बसें रुकती हैं। करीब 9 हजार वाहन गुजरते हैं। यह चौपाटी दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और भोपाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। यहां से चारों दिशाओं में जाने के लिए बसें मिलती हैं। कई यात्री रूट बदलने के लिए यहीं उतरते हैं। चौपाटी पर चाय-नाश्ते के लिए रुकने वाले यात्रियों को भी सुविधाघर नहीं होने से दिक्कत होती है। वर्ष 2007-08 में लेबड़-नयागांव फोरलेन निर्माण के दौरान चौपाटी पर बना सुविधाघर, पुलिस चौकी और यात्री प्रतीक्षालय तोड़ दिए गए थे। इसके बाद से अब तक यहां दोबारा निर्माण नहीं हुआ। नगर परिषद ने चलित शौचालय लगाया था, वह भी टूट चुका है। उसमें न दरवाजे हैं, न पानी की व्यवस्था। महिलाएं और मरीज सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। जैसे ही वाहन रुकते हैं, लोग लघुशंका के लिए भटकते हैं। साथ ही यात्री सड़क किनारे खड़े रहकर बसों का इंतजार करते रहते हैं। इससे फोरलेन पर गुजरते तेज वाहनों से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा रहता है। फोरलेन निर्माण के दौरान तोड़े थे, इसके बाद जिम्मेदारों ने दोबारा ध्यान नहीं दिया फोरलेन निर्माण के दौरान सुविधाघर और यात्री प्रतीक्षालय तोड़े गए थे। फोरलेन के निर्माण के बाद से लोग निर्माण की मांग कर रहे हैं। गर्मी में तेज धूप से बचने व बारिश के दिनों में बरसते पानी से बचने के लिए लोग परेशान होते हैं। आसपास की दुकानों, होटलों के शेड के नीचे धूप और बारिश से बचने के लिए रुकने का प्रयास करते हैं तो, वहां से भी दुकानदार उन्हें हटाते हैं। ऐसे में पानी से बचने के लिए मजबूरी में यात्रियों को वहां से सामान खरीदना भी पड़ता है। जबकि बदनावर बसों का जंक्शन है। यहां इंदौर, रतलाम, उज्जैन, झाबुआ आदि स्थानों की बसों की आवाजाही होती है। इससे यात्रियों की संख्या अधिक होती है। यात्रियों के अलावा स्थानीय लोगों की भी अच्छी चहल-पहल रहती है।

### सुविधाघर व प्रतीक्षालय बनाने की योजना तैयार है

इस बारे में नपाध्यक्ष मीना यादव ने बताया बड़ी चौपाटी पर सुविधाघर और प्रतीक्षालय बनाने की योजना तैयार है। जगह तय होते ही काम शुरू होगा। तब तक अस्थायी व्यवस्था की जाएगी। दोनों पेट्रोल पंप संचालकों को भी निर्देशित किया जाएगा कि वे अपने सुविधाघर आमजन के लिए खुले रखें।

# भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के स्थापना दिवस पर 5 दिवसीय सेवा सप्ताह हुआ प्रारंभ

## संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ आज मनाया जाएगा महोत्सव, सेवा सप्ताह के दूसरे दिन किए फल वितरण

**सुनील नगेले**



शिवपुरी- संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के प्रमुख उद्देश्यों को लेकर कार्यरत समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा संस्था के स्थापना दिवस पर 5 दिवसीय सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरूआत स्थानीय श्रीचिंताहरण मंमदिर पर संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ हुई। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष एड.शैलेन्द्र समाधिया व संस्था सचिव पुनीत जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि सेवा प्रकल्प प्रमुख राजेश सिंघल के साथ मिलकर सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसमें संस्था के सेवा सप्ताह की शुरूआत संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ हुई और कार्यक्रम के संयोजक हेमंत गुप्ता रहे, इसके साथ ही सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय पहुंचकर प्रातः8:30 बजे अस्पताल में भर्ती मरीजों की सेवा की गई और समस्त संस्था पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा मरीजों को फल वितरित किए गए। इस सेवा कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार बिन्दल रहे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एड. शैलेन्द्र समाधिया, सचिव पुनीत जैन के द्वारा सर्वप्रथम पूजन किया गया तत्पश्चात सुंदरकाण्ड पाठ हुआ। इस भव्य आयोजन में संस्था के प्रमुखजनों कोषाध्यक्ष सुकेश मित्तल,विपिन शर्मा,डॉ राजेन्द्र गुप्ता,राजेश सिंघल,अशोक गोयल, सुरेन्द्र साहू, वीरेन्द्र शर्मा,संजीव जैन, सतीश शर्मा,सुरेश महाजन,बृजेश शर्मा,मुकेश जैन,मनोज अग्रवाल, रवी सोनी, सतीश निगम,गिर्राज गोयल,दिनेश जैन, राजीव शर्मा ,पंकज गुप्ता,रवि सोनी, हेमन्त गुप्ता,अंकुर चतुर्वेदी महिलाओं में श्रीमती सरला वर्मा, श्रीमती स्नेहलता शर्मा, डॉ श्रीमती रीता गुप्ता, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती मंजू अरोरा, श्रीमती सीमा समाधियां, श्रीमती खुशबू जैन, श्रीमती संध्या शर्मा, श्रीमती संगीता गर्ग, श्रीमती मंजू गुप्ता, श्रीमती कीर्ति अग्रवाल आदि मौजूद रहीं। जिन्होंने मिलकर सुन्दरकाण्ड पाठ किया। इस पांच दिवसीय सेवा सप्ताह के रूप में आज 10 जुलाई को भव्य गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें अपने गुरूजनों का स्मरण करते हुए महाकाल मोटर्स, राकेश ड्रीम सिटी के सामने, गोपालजी मोटर्स के पास, शिवपुरी पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन दोप.2 बजे से किया गया है। इस सेवा कार्यक्रम के संयोजक मुकेश जैन होंगें। संस्था के सेवा सप्ताह की शुरूआत के अवसर पर समस्त उपस्थितजनों के प्रति संस्था सचिव पुनीत जैन के द्वारा आभार प्रकट किया गया

# झिरी गांव में राशन वितरण में गड़बड़ी:4 महीने से नहीं मिला राशन, सेल्समैन पर राशन खुर्दबुर्द करने का आरोप



**सुनील नगेले**

शिवपुरी। जिले की पोहरी जनपद की ग्राम पंचायत झिरी के ग्रामीण बीते चार माह से राशन के लिए भटक रहे हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाला गेहूं और चावल उन्हें नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने पोहरी पहुंचकर एसडीएम और तहसीलदार को शिकायत सौंपकर जल्द से जल्द राशन वितरण कराने की मांग की है। गांव की बती जाटव ने बताया, "पिछले चार महीने से राशन नहीं मिला। कई बार दुकान पर गई, पर या तो बंद मिलती है या फिर सेल्समैन बाद में देने की बात कहकर राशन कार्ड तक फेंक देता है।"

### वीडियो के साथ आरोप

ग्रामीणों ने सेल्समैन पर राशन खुर्दबुर्द करने का आरोप भी लगाया है। पार्वती जाटव ने बताया कि दुकान में रखा गेहूं एक लोडिंग वाहन में रखवाकर हटवा दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो भी अधिकारियों को सौंपा गया है।

### बरसात में संपर्क टूटने से स्थिति गंभीर

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में गांव का मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। गांव के लखन जाटव, धनीराम कुशवाह, रतिराम, साभोन खान सहित अन्य लोगों ने भी राशन न मिलने की शिकायत की।

### मांगी सख्त कार्रवाई

ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राशन वितरण और दोषी सेल्समैन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# मंत्री सांसद हेल्पलाइन कई लोगों को लौटा रही खुशी, आमजन की मुसीबत में बन रही सहारा

झाबुआ/अलीराजपुर : राजेश सोनी

मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह जी चौहान एवं संसदीय क्षेत्र 24 रतलाम झाबुआ अलीराजपुर की सांसद श्रीमती अनीता चौहान द्वारा अपने क्षेत्र के रहवासियों को सहायता पहुंचाने के लिए संचालित की जा रही "मंत्री सांसद हेल्पलाइन" जिस उद्देश्य से शुरू की गई थी, उसको निरन्तर मूर्त रूप देते हुए पूरे संसदीय क्षेत्र रतलाम झाबुआ अलीराजपुर सहित अन्य क्षेत्रों के भी हर मुसीबत के मारे का सहारा बन रही हैं। किसी को उपचार में सहायता तो किसी को अन्य समस्याओं में समाधान का रास्ता बन रही है। अब भटके बुर्जुग को घर लौटाने में अहम भूमिका निभाकर कई लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर गई। उड़ीसा के झारसुगुड़ा जिला का बुजुर्ग भटका, जोबट पहुंचा, कैबिनेट मंत्री के निर्देश पर मंत्री सांसद हेल्पलाइन की मदद से पहुंचा हॉस्पिटल दरअसल 5 जुलाई देर रात को अलीराजपुर जिले के जोबट के एक रेस्टोरेंट पर अचानक एक बुजुर्ग व्यक्ति पहुंचा, जिसकी भाषा सुन रेस्टोरेंट संचालक रणजीत सिंह भी असमंजस में पड़ गया कि आखिर ये बुजुर्ग है कौन और बोलना क्या चाह रहे। तभी रेस्टोरेंट संचालक रणजीत सिंह ने कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के प्रतिनिधि एवं मंत्री सांसद हेल्पलाइन के प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता से संपर्क किया और स्थिति से अवगत करवाया। जिसके बाद रणजीत ने बुजुर्ग से कोई कागज पास होना पूछा तो बुजुर्ग ने अपने पास से आधार कार्ड की फोटोकॉपी दी, जिस पर कुछ भी समझ पाना मुश्किल है। रणजीत ने आधार कार्ड की फोटो भी विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता को भेजी।

इधर विधायक प्रतिनिधि श्री गुप्ता ने पूरे प्रकरण से कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह जी चौहान को अवगत करवाया। जिसपर मंत्री श्री चौहान ने अपने प्रतिनिधि श्री गुप्ता को तत्काल सहायता करने के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देश मिलते ही एवं आधार कार्ड मिलते ही विधायक प्रतिनिधि श्री गुप्ता ने आधार कार्ड में लिखे पिनकोड से गांव और जिले का नाम समझा और ओडिसा के झारसुगुडा जिले के पुलिस अधीक्षक स्मित परषोत्तमदास परमार को संपर्क कर उनके जिले के किसी ग्राम के निवासी बुजुर्ग के अलीराजपुर जिले में होने की सूचना देने के साथ प्राप्त आधारकार्ड भी उन्हें भेजा।

सक्रिय हुई ओडिसा पुलिस मंत्री सांसद हेल्पलाइन के प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता से सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्री परमार ने तत्काल अपने अमले को सक्रिय कर दिया। देर रात में ही ओडिसा झारसुगुडा जिले की पुलिस ने लखनपुर थाने के कुंडलोई ग्राम के सिबलाल के घर का पता लगा कर थाने की टीम के कपिलेश्वर नाईक संबंधित के घर पहुंच कर उनकी पत्नी एवं परिजनों को अलीराजपुर से श्री गुप्ता द्वारा भेजे फोटो एवं आधार कार्ड दिखा कर पहचान करवाई जिससे पुष्टि हो सकी कि ये उनके ही परिवार से है। जिसके बाद थाना टीम के नाइक ने पुनः श्री गुप्ता से संपर्क कर पुष्टि होने की खबर देते हुए परिजनों को अलीराजपुर भेजने की बात कही।

### स्थानीय व्यवस्थाएं करते हुए अस्पताल में करवाया भर्ती

मंत्री सांसद हेल्पलाइन के प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बुजुर्ग सिबलाल के ग्रह जिले से पुष्टि होने के बाद अलीराजपुर के कलेक्टर श्री अभय बेडेकर एवं पुलिस अधीक्षक राकेश व्यास को भी घटना की सूचना दी। वहीं गुप्ता ने संबंधित बुजुर्ग को रेस्टोरेंट से जोबट हॉस्पिटल भिजवा कर वहा बीएमओ डॉ विजय बघेल एवं ड्यूटी पर तैनात डॉ नरेंद्र मोरी से बात कर संबंधित बुजुर्ग को प्राथमिक जांच करने एवं रात में आराम करने हेतु व्यवस्था करने की बात कही।

दोपहर बाद पहुंचे जिला अस्पताल, बेटी से चर्चा करते हुए रो दिए बाप बेटी 5 जुलाई रात जोबट अस्पताल में बिताने के बाद विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने 6 जुलाई को संबंधित सिबलाल को जिला अस्पताल बुलवा लिया, जहां श्री गुप्ता स्वयं पहुंचे और संबंधित से चर्चा कर किस तरह घूम हुए इसकी जानकारी ली। जिसके बाद श्री गुप्ता ने बुजुर्ग की बेटी से इनकी वीडियो कॉल पर बात करवाई। दोनो पिता पुत्री वीडियो कॉल पर बात करते हुए बिलख बिलख कर रो दिए, इस नजारे ने वहा मौजूद सभी की आंखे नम कर दी।

### कपड़े भी दिलवाए, SDM भी पहुंचे मिलने

5 जुलाई से 8 जुलाई तक अलीराजपुर में ही रहे सिबलाल के लिए विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने कपड़े सहित आवश्यक सामग्री दिलवाई। वहीं सूचना मिलने पर एसडीएम तपिश पांडे भी सिबलाल से मिलने पहुंचे। एसडीएम श्री पांडे का मामा परिवार ओडिशा के इसी झारसुगुड़ा जिले में निवासरत है, श्री पांडे ने भी पहुंच कर ओडिशा की स्थानीय भाषा में सिबलाल से चर्चा करते हुए निश्चिंत रहने का आश्वासन देने के साथ कई चर्चाएं की।

8 जुलाई देर रात ओडिशा से अलीराजपुर पहुंचे जमाई, आंखे हुई नम पुलिस की सूचना के बाद 8 जुलाई देर रात 11 बजे उनके दो जमाई एवं रिश्तेदार घर ले जाने हेतु अलीराजपुर पहुंचे। सिबलाल को साथ लेकर विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता भी रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां तीनों युवाओं ने रेलवे स्टेशन पर अपने ससुर के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और हालचाल जाने।

जिसके बाद मंत्री सांसद हेल्पलाइन प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि श्री गुप्ता ने सभी को भोजन करवाया और पूरी जानकारी ली, जिसमें पता चला कि सिबलाल पिछले 10- 12 दिन से गुमशुदा था। सभी को रुकवाने की व्यवस्था के बाद लेने आए तीनों युवाओं ने रात्री विश्राम किया और 9 जुलाई को अल सुबह भटके सिबलाल को लेकर वडोदरा के लिए निकले, जहां से वे ट्रेन के माध्यम से अपने जिले झारसुगुड़ा पहुंचेंगे। सिबलाल के जमाई टिंकू बारंगा, दीपक एवं रिश्तेदार त्रिलोक कुमार ने उनके परिजन सिबलाल से वापस मिलवाने, उनकी देखरेख करने एवं उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए मंत्री श्री नागर सिंह जी चौहान एवं उनके प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस विधायक साहब सिंह गुर्जर के विवादित बयान पर संघ स्वयंसेवकों ने थाना प्रभारी को सौंपा आवेदन

सुनील नगेले

शिवपुरी | मध्यप्रदेश के ग्वालियर ग्रामीण से कांग्रेस विधायक श्री साहब सिंह गुर्जर का एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी




से वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक सार्वजनिक मंच से कहते सुने जा रहे हैं— "जो मर्द थे वो जंग में गए, और जो हिजड़े थे वो संघ में गए।" इस बयान को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े स्वयंसेवकों दिवाकर शर्मा, जितेंद्र समाधियां और अजय गौतम ने शिवपुरी जिला कोतवाली थाना प्रभारी को एक लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने विधायक साहब सिंह गुर्जर के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की मांग की है।

संघ स्वयंसेवकों ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि यह बयान न केवल ट्रांसजेंडर समुदाय का अपमान करता है, बल्कि संघ जैसे राष्ट्रसेवी संगठन और उससे जुड़े लाखों स्वयंसेवकों की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। यह कथन समाज में लिंग एवं विचारधारा के आधार पर द्वेष और उपहास को बढ़ावा देने वाला है और भारत के संविधान में निहित मानव गरिमा, समानता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मूल्यों का खुला उल्लंघन करता है। आवेदन में मांग की गई है कि वायरल वीडियो की तथ्यात्मक जांच की जाए और यदि बयान की पुष्टि होती है तो संबंधित विधायक के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की उपयुक्त धाराओं में विधिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि शिकायतकर्ता वीडियो साक्ष्य उपलब्ध कराने और व्यक्तिगत रूप से थाना में उपस्थित होकर कथन देने को भी तैयार हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, लेकिन सामाजिक और राजनीतिक हलकों में इस बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। संघ समर्थक वर्ग में भारी आक्रोश देखा जा रहा है और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

शिवपुरी के संघ स्वयंसेवको ने कहा कि यह मामला केवल संघ या ट्रांसजेंडर समुदाय का नहीं, बल्कि पूरे भारतीय समाज की मर्यादा और सह-अस्तित्व की भावना से जुड़ा हुआ है। ऐसे बयानों को किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाना चाहिए और वक्ता को कानूनी रूप से जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

## पत्रकार से अभद्रता और धमकी का मामलाः सिमरिया पंचायत सचिव व सरपंच पुत्र पर गंभीर आरोप, तहसीलदार को सौप राज्यपाल के नाम ज्ञापन

शिवपुरी जिले के नरवर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ आरटीआई (सूचना का अधिकार) के तहत जानकारी मांगने पर पत्रकार के साथ अभद्रता और जबरन हस्ताक्षर कराने की घटना घटित हुई है। पीड़ित पत्रकार कमर अहमद खान निवासी वार्ड क्रमांक 11 मोमिनपुरा नरवर ने इस मामले को लेकर महामहिम राज्यपाल मध्यप्रदेश को विस्तृत शिकायत पत्र भेजा है। पत्रकार कमर खान, जो कि एमकेएन न्यूज चैनल से जुड़े हैं, द्वारा ग्राम पंचायत सिमरिया के नाली निर्माण कार्य में संभावित भ्रष्टाचार को उजागर करने हेतु आरटीआई के तहत दिनांक 4 दिसंबर 2024 को जानकारी मांगी थी। कई बार की अपीलों और निर्देशों के बावजूद पंचायत सचिव निर्भय रावत ने जानकारी नहीं दी। अंततः जब 8 जुलाई 2025 को पत्रकार को जानकारी देने का आश्वासन देकर बुलाया गया, तो रास्ते में ही उन्हें कथित रूप से रोका गया। पत्रकार का आरोप है कि सचिव निर्भय रावत और महिला सरपंच ऊषा रावत के पुत्र शैलेंद्र रावत ने अन्य साथियों के साथ मिलकर नहर की पुलिया के पास उन्हें घेर लिया, बाइक की चाबी और मोबाइल छीन लिए। पत्रकार को जातिगत गालियाँ देते हुए धमकाया गया और जान से मारने की धमकी देकर जबरन एक आवेदन पर हस्ताक्षर कराए गए जिसमें लिखा गया कि उन्होंने सभी जानकारी प्राप्त कर ली है और अब कोई शिकायत नहीं है। घटना के बाद पत्रकार को इमलिया गांव ले जाकर चाय पिलाई गई और नगद राशि देने की कोशिश भी की गई, जिसे पत्रकार ने अस्वीकार कर दिया। बाद में बाइक लौटा दी गई और किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करने की चेतावनी दी गई। पत्रकार ने राज्यपाल से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, पिछले 4 वर्षों में ग्राम पंचायत सिमरिया में हुए नाली निर्माण कार्यों का मूल्यांकन कराया जाए तथा पत्रकार सुरक्षा कानून की दिशा में आवश्यक आदेश जारी किए जाएं। यह मामला प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा और सूचना के अधिकार की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा
# गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः



# इंदौर में मालिक का राज- एडवांस बुकिंग शुरू, राजकुमार राव ने दिया ऑडियंस को सरप्राइज़




रणजीत टाइम्स-अनिल चौधरी

99264-22717

मालिक का राज पूरे देश में तेजी से हो रहा है। लखनऊ और जयपुर में धमाल मचाने के बाद मालिक की टीम इंदौर पहुँची, जहाँ उन्होंने फैन्स को सरप्राइज़ दिया और इस दमदार एक्शन एंटरटेनर की एडवांस टिकट बुकिंग की शुरुआत की। राजकुमार राव, मानुषी छिल्लर और निर्देशक पुलकित ने पूरे मालिक स्वैग के साथ शहर में एंट्री की। कॉलेज कैंपस में जीप पर उनकी शानदार एंट्री ने फिल्म के अंदाज और एटीट्यूड को पूरी तरह उतार दिया और उन्होंने उत्साहित फैन्स से मुलाकात की। मालिक 1980 के दशक के इलाहाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित एक तीव्र एक्शन एंटरटेनर है। यह महत्वाकांक्षा, सत्ता और अस्तित्व की एक जबरदस्त कहानी है। यह फिल्म दिखाती है कि बंदूकें, लालच और वफादारी के जंगल में ऊपर उठने की आखिर क्या कीमत चुकानी पड़ती है। फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया है, जिन्हें उनके हार्ड-हिटिंग थ्रिलर्स और इमोशनल ड्रामा के लिए जाना जाता है। इसे कुमार तौरानी (टिप्स फिल्म्स) और जय शेवकरमणि (नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स) ने प्रोड्यूस किया है।मालिक 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने और धूम मचाने के लिए तैयार है।



# पार्श्वनाथ जिनालय में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान आयोजित



संजय प्रेम जोशी

हाटपीपल्या - सिद्ध प्रभु की आराधना के निमित्त श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आठ दिवसीय भव्य आयोजन पार्श्वनाथ जिनालय में संपन्न हुआ। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में इस विधान के अंतर्गत प्रतिदिन शास्त्रोक्त विधि से मंत्रोच्चारण करते हुए ज्यामितीय अनुपात में अर्घ्य समर्पित किए गए। विभिन्न इंद्र इंद्राणी के रूप में विभिन्न पात्र विधान में सहभागिता कर रहे थे संपूर्ण विधान का निर्देशन बाल ब्रम्हचारी चिद्रूप भैयाजी ने किया।

विधान के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक क्रिया - प्रक्रिया का परिपालन शास्त्रोक्त रीतिपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सिद्धचक्र महामंडल विधान की चित्ताकर्षक संरचना भी की गई थी। सुर एवं संगीत की सुमधुर धुन के बीच मंत्रोच्चार समूचे वातावरण को अलौकिक स्वरूप प्रदान कर रहा था। विभिन्न श्रावक एवं श्राविकाएं भक्ति धुन पर तन्मयतापूर्वक इष्ट की आराधना में डूबे नजर आ रहे थे। जिनालय परिसर में अदभुत दृश्य दिखाई दे रहा था।

उल्लेखनीय है कि दिगंबर जैने श्रमण संस्कृति की महान परम्परा में उक्त विधान को अतिशयकारी स्वरूप में भी माना जाता है। विधान के दौरान भक्तामर विधान के अंतर्गत ऋद्धि सिद्धि मंत्रोच्चारण के साथ 21 भक्तामर मंडल रचे गए। प्रत्येक मंत्रोच्चार के पश्चात हर एक मंडल पर 48 दीप प्रज्वलित किए गए। इसके चलते जिनालय की छटा ही निराली प्रतीत हो रही थी।

आयोजन को मूर्त रूप देने में सकल दिगंबर जैन समाज न्यास मंडल एवं पार्श्वनाथ जिनालय संचालन समिति सहित विभिन्न सहयोगी समितियों के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी के सदस्यों का अहम योगदान रहा। सकल समाज की धार्मिक परम्परा में उक्त महामंडल विधान का आयोजन विगत कई दशकों से किया जाता रहा है। जिसमें समस्त समाजजन की उत्साहपूर्वक भागीदारी रहा करती है।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स